प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.07.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस के 60 हजार से अधिक पदों के लिए परीक्षाओं की तारीखें जारी : 23 से 25 अगस्त तक लगातार, फिर 30 और 31 अगस्त को होगी परीक्षा।
2. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने आज नीट–यूजी का संशोधित रिजल्ट किया जारी।
3. कांवड़ यात्रा को देखते हुए मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और हापुड़ में कक्षा 12 तक के सभी स्कूल कल से 2 अगस्त तक रहेंगे बंद : आदेश न मानने वाले स्कूल और कॉलेजों पर होगी कार्रवाई।
4. कश्मीर के राजौरी में शहीद हुए हाथरस के जवान सुभाष चंद्र का शव आज पहुंचा घर : पूरे सैन्य सम्मान के साथ शहीद को दी गई अंतिम विदाई।

और

5. पेरिस ओलंपिक की ओपनिंग सेरेमनी कल : भारत के 117 सदस्यीय दल में उत्तर प्रदेश के छह खिलाड़ी शामिल।

——————————

प्रदेश सरकार ने हाल ही में निरस्त की गई पुलिस भर्ती परीक्षा की नई तारीखें घोषित कर दी हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आरक्षी नागरिक पुलिस के साठ हजार दो सौ चौवालीस पदों पर सीधी भर्ती– की लिखित परीक्षा अगले महीने अब तेइस, चौबोस, पच्चीस अगस्त और तीस व इकतीस अगस्त को होगी। पेपर लीक के आरोपों के चलते छात्रों की मांग पर यह परीक्षा निरस्त कर दी गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परीक्षा निरस्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया था कि यह परीक्षा छः माह के अंदर शुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों के अनुसार पुनः आयोजित कराई जाए। जन्माष्टमी त्योहार के कारण परीक्षा में अंतराल दिया गया है। सम्बन्धित तिथियों पर प्रतिदिन दो पालियों में यह परीक्षा होगी। प्रत्येक पाली में लगभग पांच लाख अभ्यर्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से निःशुल्क बस सेवा की सुविधा दी जायेगी।

———————

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने आज नीट–यूजी का संशोधित रिजल्ट जारी कर दिया है। परीक्षार्थी नीट डॉट एनटीए ऑनलाइन डॉट इन पर अप्लीकेशन नम्बर और जन्मतिथि डाल कर

अपना रिजल्ट देख सकते हैं। यह रिजल्ट सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद आया है, जिसमें परीक्षा में भौतिकी के एक प्रश्न पर आईआइटी दिल्ली से परामर्श के बाद चौथे विकल्प को सही चुना गया था। साथ ही परीक्षा रद्द करने और दोबारा आयोजित करने की याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एनटीए ने कहा था कि अब 13 लाख छात्रों की रैंक बदल जायगी।

———————

उत्तर प्रदेश में हाथरस भगदड़ जैसी कोई घटना दोबारा न हो इसके लिए प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने भीड़ प्रबंधन और भगदड़ से बचाव के लिए मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी जारी की है। इसके तहत अब प्रदेश में जिला, रेंज और जोन स्तर पर अलग–अलग एकीकृत प्रणाली बनेगी। डीएम, सीएमओ, सिविल डिफेंस, फायर बिग्रेड और स्थानीय पुलिस के स्तर पर नियमित रूप स इंटिग्रेटेड सिस्टम को अपडेट भी किया जाएगा। डीजीपी ने कहा कि कार्यक्रमों की परमिशन देने वाले अधिकारी और स्थानीय पुलिस पहले कार्यक्रम स्थल को चेक करेंगे। सुरक्षित आवागमन के साथ संभावित खतरों आग, बिजली, सड़क दुर्घटना और दम घुटने जैसी स्थिति के आकलन के आधार पर आपातकालीन योजना तैयार करेंगे। साथ ही कार्यक्रम के प्रबंधन के लिए स्थानीय मजिस्ट्रेट को प्रभारी नियुक्ति किया जायेगा।

———————

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 26 जुलाई को सुल्तानपुर एमपी–एमएलए कोर्ट में पेश होंगे। 2018 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में उन पर मानहानिका केस दर्ज हुआ था। इस मामले में कल राहुल गांधी का बयान दर्ज होना है। राहुल गांधी लखनऊ से सड़क मार्ग से सुल्तानपुर पहुंचेंगे ।

———————

प्रदेश के मेरठ, मुजफ्फरनगर और हापुड़ में कावड़ यात्रा को देखते हुए 26 जुलाई से 2 अगस्त तक कक्षा 12 तक के स्कूलों को बंद रखने का फैसला लिया गया है। सावन के महीने में भगवान शिव को समर्पित पवित्र कांवड़ यात्रा जारी है। कांवड़ यात्रा के चलते हर रोज हजारों की संख्या में कांवड़िये भोले बाबा पर जल चढ़ाने के लिए निकल रहे हैं। सुरक्षा और यातायात की दृष्टि से हापुड़ और मुजफ्फरनगर जिले में 26 जुलाई से 2 अगस्त तक कक्षा 12 तक के सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि जनपद के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड के स्कूल बंद रहेंगे। वहीं मेरठ में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने 2 अगस्त तक स्कूल कॉलेज बंद रखने का आदेश जारी कर

कहा है कि अगर कोई भी स्कूल और कॉलेज आदेश के बाद भी खुला पाया गया तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। पेश है हमारी प्रतिनिधि की रिपोर्ट..........

*कावड़ियें हरिद्वार और गोमुख से गंगाजल लेकर वापस लौटने लगे है। 2 अगस्त को शिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट है। कावड़ मार्ग पर बैरिकेडिंग कर दी गई है और जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा 26 जुलाई से सभी प्राथमिक ,उच्च प्राथमिक व डिग्री कॉलेज 2 अगस्त तक बंद करने का आदेश जारी कर दिया गया है। कावड़ मार्ग पर कावड़ शिविर भी लगने भी शुरू हो गए हैं और कावड़िये अपनी मनोकामना के लिए विभिन्न प्रकार की सुंदर–सुंदर कावड़ के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेने निकल पड़े हैं और मनोकामना पूरी होने पर राम मंदिर के मॉडल की कावड़ लेकर मेरठ के शिव भक्त गंगा जल लेकर हरिद्वार की ओर चल पड़े हैं। संगीता श्रीवास्तव, आकाशवाणी समाचार, मेरठ।*

————————————

सहारनपुर में कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए मंडलायुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर ने आज एक पोर्टल लॉन्च किया। मंडलायुक्त ने बताया कि यह पोर्टल कांवड़ यात्रियों के लिए बहुत सुविधाजनक है। इसके माध्यम से कांवड़ यात्री अपने नजदीकी चिकित्सा शिविर, शौचालय, पानी और पैट्रोल स्टेशन, ढाबा, रेस्टोरेंट, थाना, चौकी, रूट डायवर्जन और कांवड शिविर समेत हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। वहीं काँवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए उन्नाव में उपजिलाधिकारी ने पुलिस बल के साथ कस्बा

पुरवा में पैदल गश्त की और दुकानों का निरीक्षण किया।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

जिंगल

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

उन्तीस जुलाई से शुरू हो रहे उत्तर प्रदेश विधानमण्डल के मॉनसून सत्र में प्रदेश सरकार दो हजार चौबीस–पच्चीस का पहला अनुपूरक बजट पेश करेगी। इसके माध्यम से प्रदेश सरकार प्रयागराज कुंभ की तैयारियों के लिये धनराशि का आवंटन करेगी। साथ ही अन्य विभागों की जरूरी परियोजनाओं को पूरा करने के लिये भी अनुपूरक बजट में प्राविधान किया जायेगा। वित्त विभाग की

ओर से अनुपूरक बजट लाने की तैयारियां शुरू कर दी गयी है।

——————————

कश्मीर के राजौरी में आतंकवादियों से मुठभेड़ में शहीद हुए हाथरस के जवान सुभाष चंद्र का शव आज घर पहुंचा। हाथरस में शहीद का पूरे सैन्य सम्मान के साथ सेना की अधिकारियों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। जिले के सहपऊ थाना क्षत्र के गांव नगला मनी का रहने वाले सुभाष चंद्र कश्मीर के राजौरी में 7 जाट रेजीमेंट में तैनात थे। 23 जुलाई को राजौरी में आतंकवादियों से मुठभेड़ में जवान सुभाष चंद्र शहीद हो गए थे। इस बारे में जैसे ही परिवार और गांव वालों का पता चला पूरे इलाके में शोक की लहर छा गई। आज शहीद का शव उनके गांव आया गया तो उसे अंतिम विदाई देने के लिए आसपास के गांवों से भी लोग पहुंचे। शहीद के परिवार वालों ने कहा कि उन्हें सुभाष की शहादत पर गर्व है।

——————————

पेरिस ओलंपिक की औपचारिक शुरुआत कल 26 जुलाई को होगी। इसमें भारत का 117 सदस्यीय दल हिस्सा ले रहा है, जिसमें उत्तर प्रदेश के छह खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें से तीन खिलाड़ी मेरठ की हैं, जो अलग अलग खेलों में हिस्सा लेंगी। इनमें मेरठ के इकलौता गांव

से पारूल चौधरी दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं तीन हजार मीटर स्टीपलचेज और पांच हजार मीटर दौड़ में हिस्सा लेंगी। उन्होंने पिछले साल एशियाई खेलों में पांच सौ मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और तीन हजार स्टीपलचेज में रजत पदक जीता था। सरकार की ओर से उन्हें अर्जुन अवॉर्ड और रानी लक्ष्बीबाई अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। वहीं, मेरठ की एथलीट प्रियंका गोस्वामी बीस किलोमीटर पैदल चाल और रेसवॉक मिक्स्ड रिले में हिस्सा लेंगी। इसी तरह मेरठ के ही बहादुरपुर गांव की रहने वाली अन्नू रानी भाला फेंक स्पर्धा में हिस्सा लेंगी। दो हजार तेइस एशियाई खेलों में महिलाओं की भाला फेंक प्रतियोगिता में अन्नू रानी ने स्वर्ण पदक जीता था। इनके अलावा सहारनपुर की एथलीट प्राची चौधरी 400 मीटर की रिले रेस में अपना दम दिखाएंगी। इससे पहले प्राची 400 मीटर रिले रेस में 2023 में चीन में हुए एशियाई खेलों में रजत पदक और 19वें एशियाई खेलों में सिल्वर मेडल जीत चुकी हैं।

भारतीय हॉकी टीम में प्रदेश के दो खिलाड़ी वाराणसी के ललित कुमार उपाध्याय और करमपुर के राजकुमार पाल शामिल हैं। ललित कुमार उपाध्याय का यह दूसरा ओलंपिक होगा। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक 11 अगस्त तक चलेगा।

(समाप्त)